भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2527

दिनांक 06 अगस्त, 2024 के लिए प्रश्न

गौशालाएं

2527. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुरः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र एवं राज्य सरकारों को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में गायों एवं बैलों जैसे आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलें नष्ट की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पर्याप्त गौशालाओं के अभाव में मवेशियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का मवेशियों की दयनीय स्थिति को देखते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं रखरखाव के लिए अतिरिक्त गौशालाएं स्थापित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इनके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) उत्तर प्रदेश राज्य की सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ख) जी नहीं। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले में 130 अस्थायी गौ आश्रय स्थल, 02 कान्हा गौशाला, 05 वृहद गौ संरक्षण केन्द्र कार्यरत हैं जिनमें कुल 34496 बेसहारा गोपशु संरक्षित हैं। इसके अलावा 05 वृहद गौ संरक्षण केंद्र और बीस अस्थायी गौ आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं। इन गौशालाओं में पर्याप्त रूप से सभी सुविधाएं जैसे उपचार, टीकाकरण, आहार और स्वास्थ्य प्रबंधन उपलब्ध हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) से (ड़) उत्तर के भाग (ग) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

****